गोल्फर ओजस्विनी ने कट हासिल कर रिकॉर्ड बनाया

नई दिल्ली। शौकिया गोल्फर ओजस्विनी सरस्वत लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) में कट हासिल करने वाली सबसे युवा भारतीय जबकि कुल दूसरी सबसे युवा महिला खिलाड़ी बन गईं। जयपुर की 13 वर्षीय ओजस्विनी ने शुक्रवार को हीरो महिला इंडियन ओपन में यह उपलब्धि हासिल की।

उनसे आगे थाईलैंड की आरिया जुटानुगर्न है जिन्होंने 2008 में फिनएयर मास्टर्स में 12 साल की उम्र में कट हासिल किया था। उन्होंने दूसरे दौर में शानदार तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। इससे पहले उन्होंने पहले दौर में सात ओवर 79 का कार्ड खेला था।